edit and save changes to this file.

जन एक्सप्रेस

कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के संचालन के लिए मिली स्वीकृति

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नियंत्रणाधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के संचालन के लिए स्वीकृति दी गई है। यह बात सीएसएयू के कुलपति डॉ.डी.आर. सिंह ने बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के अधीन पूर्व में 13 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित है। औरैया कृषि विज्ञान केंद्र के मिल जाने से कुल 14 कृषि विज्ञान केंद्र विश्वविद्यालय के नियंत्रण अधीन हो गए है। कृषि विज्ञान केंद्र औरैया अभी तक गैर सरकारी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि आईसीएआर और शासन की शर्तों के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में पूर्व में कार्यरत सभी तकनीकी/गैर तकनीकी स्टाफ को कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में विलय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि कृषि विज्ञान केंद्र जनपद औरैया के तहसील बिधूना, मौजा गुहारी में 20.68 हेक्टेयर भूमि पर संचालित किया जाएगा। इस केंद्र की स्थापना से जनपद के किसानों को कृषि संबंधी जैसे उद्यान, फसलों के अलावा पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि के बारे में जानकारी देने के साथ जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिए जाएंगे।

उत्तराखंड/उत्तर प्रदेश का प्रथम द्विभाषीय (हिन्दी-अंग्रेजी) सांध्य दैनिक समाचार पत्र

जनमत टुडे

वर्ष:12 | अंक-355 | देहरादून, शनिवार, 08 जनवरी, 2022 | पृष्ठ-08

सीएसए को मिला औरैया कृषि विज्ञान केंद्रः डॉ. डीआर सिंह

दीपक गौड़ (जनमत टुडे)

कानपुरः चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कानपुर के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के नियंत्राधीन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के विधिवत संचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय के अधीन पूर्व में 13 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं औरैया कृषि विज्ञान केंद्र के मिल जाने से कुल 14 कृषि विज्ञान केंद्र विश्वविद्यालय के नियंत्रण अधीन हो गए हैं कृषि विज्ञान केंद्र औरैया अभी तक गैर सरकारी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था आईसीएआर और शासन की शर्तों के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में पूर्व में कार्यरत समस्त तकनीकी, गैर तकनीकी स्टाफ को कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में विलय किया जाएगा उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नवसृजित कृषि विज्ञान केंद्र जनपद औरैया के तहसील बिधूना, मौजा गुहारी में 20.68 हेक्टेयर भूमि पर संचालित किया जाएगा कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जनपद में कृषि विज्ञान केंद्र संचालित होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा उन्होंने कहां कि इस केंद्र की स्थापना से जनपद के किसानों को कृषि संबंधी जैसे उद्यान, फसलों के अलावा पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिए जाएंगे जिससे कि जनपद के बेरोजगार युवा कृषि उद्यमी बन कर आत्मनिर्भर बने।

आज | महानगर

केवीके से किसानों को मिलेगा फायदा, युवाओं को प्रशिक्षण भी

कानपुर, 8 जनवरी। चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डा. डी.आर. सिंह ने बताया कि भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शासन की ओर से कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के विधिवत संचालन के लिए स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। विश्वविद्यालय के अधीन पूर्व में 13 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं। औरैया कृषि विज्ञान केंद्र के मिल जाने से कुल 14 कृषि विज्ञान केंद्र विश्वविद्यालय के नियंत्रण अधीन हो गए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र औरैया अभी तक गैर सरकारी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था। आईसीएआर और शासन की शर्तों के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में पूर्व में कार्यरत समस्त तकनीकी /गैर तकनीकी स्टाफ को कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में विलय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नवसृजित कृषि विज्ञान केंद्र जनपद औरैया के तहसील बिधूना, मौजा गुहारी में 20.68 हेक्टेयर भूमि पर संचालित किया जाएगा। सीएसए के वीसी डा. डी.आर. सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जनपद में कृषि विज्ञान केंद्र संचालित होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। जनपद के किसानों को कृषि संबंधी जैसे उद्यान, फसलों के अलावा पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिए जाएंगे, जिससे कि जनपद के बेरोजगार युवा कृषि उद्यमी बन कर आत्मनिर्भर बने।

Sign in to edit and save changes to this file.

लोकनायक भारत

सीएसए को मिला औरैया कृषि विज्ञान केंद्रः डॉ. डीआर सिंह

कानपुर। सीएसए के कुलपति डॉक्टर डीआर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय के नियंत्राधिन भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश शासन द्वारा कृषि विज्ञान केंद्र औरैया के विधिवत संचालन हेतु स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है। ज्ञातव्य हो कि विश्वविद्यालय के अधीन पूर्व में 13 कृषि विज्ञान केंद्र संचालित हैं। औरैया कृषि विज्ञान केंद्र के मिल जाने से कुल 14 कृषि विज्ञान केंद्र विश्वविद्यालय के नियंत्रण अधीन हो गए हैं। कृषि विज्ञान केंद्र औरैया अभी तक गैर सरकारी संस्था द्वारा संचालित किया जा रहा था। आईसीएआर और शासन की शर्तों के अनुसार कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में पूर्व में कार्यरत समस्त तकनीकी /गैर तकनीकी स्टाफ को कृषि विज्ञान केंद्र औरैया में विलय किया जाएगा। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा नवसृजित कृषि विज्ञान केंद्र जनपद औरैया के तहसील बिधूना,मौजा गुहारी में 20.68 हेक्टेयर भूमि पर संचालित किया जाएगा। कुलपति डॉक्टर सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा जनपद में कृषि विज्ञान केंद्र संचालित होने से किसानों को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने कहां कि इस केंद्र की स्थापना से जनपद के किसानों को कृषि संबंधी जैसेः-उद्यान, फसलों के अलावा पशुपालन, मत्स्य पालन, मुर्गी पालन आदि के बारे में जानकारी दी जाएगी। साथ ही जनपद के बेरोजगार युवाओं को रोजगार के लिए प्रशिक्षण दिए जाएंगे। जिससे कि जनपद के बेरोजगार युवा कृषि उद्यमी बन कर आत्मनिर्भर बने।